दिनांक 29.08.2024 को श्रीमती गरिमा सिंह (भा.प्र.से.) उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति :- यथा पंजीनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त, लातेहार के द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में PPT के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

- डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कुल- 306 (सन्निहित राशि कुल- 124.46 करोड़ रूपये) वैसी योजनाएं जिनका निविदा का निष्पादन अब तक नहीं किया गया है, उन योजनाओं का निविदा का निष्पादन करते हुए संबंधित सभी कार्यकारी एजेंसी अविलंब कार्य प्रारंभ करते हुए पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

  (अनुपालन : सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- समीक्षा बैठक के क्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार द्वारा जिले के सभी प्रखण्डों के बेरोजगार युवक/युवतियों को प्रशिक्षण के संदर्भ में अब तक कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। सभी बेरोजगार युवक/युवतियों का प्रशिक्षण हेतु दैनिक सामाचार पत्रों/जिला के वेबसाईट/विज्ञापन के माध्यम से चयन के संदर्भ में अविलंब कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

  (अनुपालन : जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार)

- डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत जिले के सभी प्रखण्डों के विभिन्न विद्यालयों में आवश्यकता अनुरूप शिक्षकों का Internship हेतु चयन प्रक्रिया पूर्ण करते हुए चयनित शिक्षकों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

  (अनुपालन : जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार/जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार)

- डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत सभी कार्यकारी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे डी0पी0आर0 के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के द्वारा कुल- 1094 योजनाओं का

डी0पी0आर0 उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पास डी0पी0आर0 बनाने हेतु लम्बित योजनाओं को अन्य एजेंसियों को देने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत स्वीकृत की जाने वाली योजनाओं का लम्बित डी0पी0आर0 को अविलंब उपलब्ध कराने हेतु सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को निदेशित किया गया।

(अनुपालन : सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रियान्वित योजनाओं का कार्यकारी एजेंसीवार समीक्षा किया गया। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

Financial Year:- 2023-24			
कार्यकारी एजेंसी एजेन्सी	कुल ली गयी योजना	कार्य की स्थिति	
		पूर्ण	कार्य प्रगति पर
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार।	61	15	30
जिला अभियंता, लातेहार।	18	15	1
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।	31	11	8
कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., लातेहार।	20	10	10
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।	6	1	5
जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।	1	1	0
जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार।	1	0	1
जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार।	1	0	1
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।	6	0	6
जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार।	7	5	2
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार।	5	5	0
कुल :-	**157**	**63**	**64**

सभी कार्यकारी एजेंसी को निदेशित किया गया कि जिन योजनाओं में पूर्ण भुगतान हो गया है और वैसी योजनाएं जो भौतिक रूप से पूर्ण है अलग-अलग कॉलम में योजनाओं की संख्या दिखाना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- समीक्षा बैठक के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023–24 की योजनाएं जिनमें अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अथवा डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के अन्तर्गत स्वीकृत वैसी योजनाएं जिनका टेंडर प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। उन योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

ज्ञापांक948**/डी0एम0एफ0टी0, दिनांक** 05/09/2024

प्रतिलिपि :– सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।